हरिभूमि
# छिंदवाड़ा भूमि
पांढुर्णा | सौंसर | चौरई | बिछुआ | परासिया | जुन्नारदैव | अमरवाड़ा | हर्रई
जबलपुर, रविवार 2 नवंबर 2025
login : www.haribhoomi.com


## जिला स्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि सांसद श्री साहू ने ध्वजारोहण कर ली सलामी
# छात्राओं ने मनोहारी प्रस्तुतियों से दिखाया प्रदेश का गौरवशाली इतिहास





हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिन्दवाडा

प्रदेश का 70वां स्थापना दिवस जिले में उत्सव और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला स्तरीय समारोह स्थानीय पुलिस परेड ग्राउंड में छिंदवाड़ा में सांसद श्री विवेक बंटी साहू के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। सांसद श्री साहू द्वारा ध्वाजारोहण कर सलामी ली गई। इस दौरान पुलिस बैंड द्वारा राष्ट्रगान का ध्वनि वादन किया गया। जिसके बाद शासकीय कला पथक दल के कलाकारों द्वारा मध्यप्रदेश गान का ओजपूर्ण गायन किया गया।

समारोह में नगर निगम महापौर श्री विक्रम अहके व श्री शेषराव यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, डीआईजी श्री राकेश सिंह, कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन, पुलिस अधीक्षक श्री अजय पाण्डेय सहित पुलिस, प्रशासन व विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, गणमान्य नागरिक, पत्रकार व बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए। देश का दिल, हमारा मध्यप्रदेश - राज्य के स्थापना दिवस के अवसर पर समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि छिंदवाड़ा सांसद श्री विवेक बंटी साहू ने सभी जिलेवासियों को मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव जी की ओर से राज्य के स्थापना दिवस की बधाई दी और प्रदेश के निरंतर प्रगति पथ पर आगे बढ़ते रहने और प्राकृतिक संपदाओं से प्रचुर रहने की शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि हमारा राज्य देश का दिल है। पूरे भारत में मध्यप्रदेश की गूंज है। ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, प्राकृतिक संपदाओं से प्रचुर हमारे प्रदेश में देश का दिल धड़कता है। हमारे बाघों की दहाड़ पूरी दुनिया में गूंजती है। हमारा राज्य मां नर्मदा और ताप्ती का उद्गम स्थल है। मुख्यमंत्रीजी के नेतृत्व में प्रदेश निरंतर



आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के विकसित राष्ट्र, आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा करने में हमारा प्रदेश सबसे आगे है। मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में प्रदेश का बीता वर्ष उद्योगों और युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने पर समर्पित रहा। अब वर्तमान वर्ष कृषि पर केंद्रित किया गया है, जिससे इस वर्ष कृषि के क्षेत्र में नए - नए आयाम स्थापित किए जाएंगे। प्रदेश में हर तरफ और हर क्षेत्र में क्रांतिकारी और सकारात्मक बदलाव हुए हैं। अच्छी और आधुनिक शिक्षा से बच्चों और युवाओं को जोड़ा जा रहा है। शिक्षा, रोजगार, गरीब कल्याण के क्षेत्र में प्रदेश में निरंतर कार्य किया जा रहा है। बाघ के बाद अब यह चीता प्रदेश भी बन गया है। अब प्रदेश में हर जगह एक नया सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि हमारा जन्म मध्यप्रदेश में हुआ है।

### विद्यार्थियों ने दी मनोहारी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

प्रदेश के स्थापना दिवस के जिला स्तरीय समारोह में स्कूली विद्यार्थियों ने मनोहारी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रदेश का गौरवशाली इतिहास प्रदर्शित किया, जिसने सभी को ओज से भर दिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में प्रथम रही जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत शासकीय कन्या शिक्षा परिसर की छात्राओं ने लोकनृत्य के माध्यम से प्रदेश के पर्यटन स्थलों, सांस्कृतिक विविधता और उल्लास को प्रदर्शित किया। द्वितीय स्थान पर रहीं पीएम श्री शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं द्वारा राज्य शासन द्वारा महिलाओं व विद्यार्थियों के लिए चलाई जा रही विभिन्न शासकीय योजनाओं का प्रदर्शन करने के साथ ही स्वास्थ्य और स्वच्छता



पर केंद्रित ₹मेरा मध्यप्रदेश, स्वच्छता का है प्रदेश₹ गीत पर मनोहारी प्रस्तुति दी गई। तृतीय स्थान पर रहीं पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कैलाशनगर की छात्राओं द्वारा वीरांगना रानी दुर्गावती की शौर्यगाथा पर केंद्रित प्रस्तुति दी गई। प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रहीं प्रस्तुतियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत भी किया गया।

### हितग्राहियों को मिला विभिन्न योजनाओं का लाभ

समारोह में विभिन्न विभागों की योजनाओं से हाल ही में लाभान्वित हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। जिनमें उद्यानिकी विभाग के तहत कच्ची घानी तेल प्रसंस्करण इकाई की स्थापना के लिए 01 हितग्राही को 8 लाख 51 हजार 112 रुपए की राशि, आचार्य विद्यासागर गौ संवर्धन योजना के तहत 04 हितग्राहियों को 1.5 - 1.5 लाख रुपए की अनुदान राशि के स्वीकृति पत्र, मुख्यमंत्री



उद्यम क्रांति योजना के अंतर्गत 03 युवाओं को कुल 17 लाख 80 हजार रुपए के चेक, पिछड़ा वर्ग छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत 02 विद्यार्थियों को कुल 15 हजार 740 रुपए की छात्रवृत्ति, लाडली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत 02 हितग्राहियों को 1.43 - 1.43 लाख रुपए की राशि के स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। विभिन्न कंपनियों में चयनित 04 युवाओं को जॉब लेटर भी प्रदाय किए गए।

### विकास प्रदर्शनी रही आकर्षण का केंद्र

मुख्य समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा विकास प्रदर्शनी भी लगाई गई थी, जो सभी आगंतुकों के लिए आकर्षण का केंद्र रही। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बाद मुख्य अतिथि श्री साहू के साथ सभी अतिथियों व आधिकारियों ने विकास प्रदर्शनी का भी रुचिपूर्वक अवलोकन किया और सराहना की। इस दौरान कृषि विभाग द्वारा प्राकृतिक व जैविक उत्पादों, श्री अन्न उत्पादों के स्टॉल, जनजातीय कार्य विभाग द्वारा जिले में स्थापित श्री बदलभोई राज्य आदिवासी संग्रहालय में जिले में निवासरत जनजातीय परिवेश, रहन सहन, खान पान, वेश भूषा आदि को चित्रों के माध्यम में दर्शाया गया। उद्योग विभाग द्वारा रोजगार मूलक योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया और औद्योगिक क्षेत्र एग्रो कॉम्प्लेक्स ख़जरी के मेसर्स साकेत इंडस्ट्रीज द्वारा निर्मित आयुर्वेदिक उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई। उद्यानिकी विभाग द्वारा आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना एवं विभाग की रोपणियों व कृषकों के प्रक्षेत्रों पर उत्पादित उद्यानिकी फसलों के उत्कृष्ट प्रादर्शों व विभागीय योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई गई। जिला रोजगार कार्यालय द्वारा प्लेसमेंट एवं ट्रेनिंग कंपनियों की जानकारी प्रदर्शित की गई। आईटीआई छिंदवाड़ा द्वारा प्रशिक्षणार्थियों द्वारा विभिन्न ट्रेडों में होने वाले प्रशिक्षण उपरांत तैयार किए गए मॉडल्स की प्रदर्शनी लगाई गई। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा पातालकोट आजीविका के उत्पाद शहद, कुकीज, मिलेट्स, महुआ कुकीज आदि प्रदर्शित किए गए। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन द्वारा शहरी स्व सहायता समूहों द्वारा तैयार खाद्य उत्पादों, हैंड मेड व ब्लॉक प्रिंटिंग द्वारा तैयार वस्त्रों आदि का प्रदर्शन किया गया।

### जिले का नाम रोशन करने वाले विद्यार्थी हुए सम्मानित

समारोह में राजा शंकर शाह/रानी दुर्गावती मेधावी पुरुस्कार योजना के तहत प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहीं शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय छिंदवाड़ा की यशिका धुर्वे, पंचम स्थान पर रही शासकीय उमावि देलाखारी की खुशी तिलग्राम व षष्ठम स्थान पर रही शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय छिंदवाड़ा की मुस्कान पन्द्राम को भी अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

## श्री खाटू श्याम जी के जन्मोत्सव पर निकली निशान यात्रा हुआ संकीर्तन

**छिंदवाड़ा।** श्री खाटू श्याम सेवा समिति छिंदवाड़ा बाबा का जन्मोत्सव कार्तिक शुक्ल एकादशी के दिन बड़े ही धूमधाम से संपन्न हुआ, इस अवसर पर निशान यात्रा का आयोजन किया गया जो की संतोषी माता मंदिर चार फाटक से प्रारंभ होकर छोटा तालाब, पावर हाउस,राम मंदिर,छोटी बाजार, फव्वारा चौक,बड़ा हनुमान मंदिर होते हुए पोला ग्राउंड में निशान यात्रा का समापन किया गया इस अवसर पर सभी श्याम प्रेमी बंधु सादर उपस्थित रहे और निशान यात्रा के पश्चात शाम 7:00 बजे से बाबा का कीर्तन का आयोजन किया गया जिसमे सागर शर्मा दिल्ली खुशी शर्मा गुड़गांव सोनाक्षी नागेश्वर बालाघाट ऋतिक नामदेव छिंदवाड़ा द्वारा बाबा के भजनों की प्रस्तुति दी गई सभी श्याम प्रेमियों ने भजन संध्या में झूम कर आनंद प्राप्त किया बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया।



## 15 वर्षो से फरार स्थायी वारंटी पकड़ाया

**छिंदवाड़ा।** जिला पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डेय के निर्देशन में जिले में विशेष टीम गठित कर माननीय न्यायालयो द्वारा जारी स्थायी / गिरफ्तारी वारंटियो की धरपकड़ कर न्यायालय में पेश करने हेतु निर्देशित किया गया है! इसी परिपेक्ष्य में आज वारंटी की तामीली में सफलता हाथ लगी है थाना कोतवाली अंतर्गत चोरी के प्रकरण में 15 वर्षो पुराने 7,000/- रुपये ईनाम उद्घोषित फरार स्थायी वारंटी दिलीप पिता महालाल वाडिया उम्र 35 साल निवासी ग्राम पटपट्टा (उमरेठ)स्थायी फरार वारंटी को मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर गिरफ्तार किया गया! स्पेशल धरपकड़ पुलिस टीम से उप निरीक्षक चेतन मर्सकोले, स.उ.नि नितेश ठाकुर, प्र. आर रविन्द्र ठाकुर, श्याम ठाकरे, साइबर सेल नितिन सिंह, महिला आरक्षक शैलकुमारी की अहम भूमिका रही । अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से छिंदवाड़ा पुलिस द्वारा की गई यह कार्यवाही लगातार जारी हैं।

## सीआईएसएफ जवानों के खिलाफ लामबंद हुए ट्रक चालक



**परासिया :-** कोयला परिवहन करने वाले ट्रक चालक सी आई एस एफ जवानों के खिलाफ लामबंद होकर हड़ताल पर बैठ गए हैं । चालकों ने पेंच कोयला महाप्रबंधक (जी एम) और पुलिस से शिकायत कर जवानों पर कार्रवाई करने की मांग रखी है ।सुपरवाइजर शकील ने बताया , कि वह के टी सी कंपनी में काम करता है । उसकी कंपनी का ट्रक चालक आकाश ने शुक्रवार रात उसे फोन किया , कि बी जी साइडिंग स्तिथ चेक पोस्ट पर तैनात सी आई एस एफ के जवानों ने उसे ऑफिस में बैठा लिया है । वाहन की एंट्री नहीं कर रहे हैं और उसके साथ गाली - गलौच तथा मारपीट की गई है । जब सुपरवाइजर शकील वहां पहुंचा और जवानों से बात की तो उसके साथ भी मारपीट की गई । जिसके बाद सभी चालक इकट्ठे होकर परासिया थाने पहुंचे और लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग रखी । शनिवार को सभी चालक जी एम ऑफिस पहुंचे और जी एम से मिलकर घटना की जानकारी दी । उसके बाद सभी वापस बी जी साइडिंग आए और यहां टेंट लगाकर हड़ताल पर बैठ गए । चालकों का कहना है , कि जबतक उनके साथ मारपीट करने वाले जवानों पर उचित कार्रवाई नहीं होती तब - तक वे हड़ताल पर रहेंगे ।

## सेवानिवृत्ति सैनिक का नगर वासियों ने किया स्वागत

**सौंसर।** शनिवार को लगातार देश के अलग अलग सरहदों पर 30 साल तक मां भारती के सेवा करने के बाद बेलगांव निवासी सेवानिवृत्ति सैनिक निरंजन वित्तलरावजी मूलकर कि सौसर घर वापसी पर परिवार के साथ-साथ शहर वासियों ने फूलों का वर्षाव करते हुए स्वागत सत्कार किया। मिली जानकारी के अनुसार सूबेदार निरंजन कुमार मुलकर का भारतीय थल सेवा के ईएमई कोर मैं देश की 30 साल सेवा करने के बाद सौसर में आगमन हुआ है। इस दौरान पूर्व सैनिको के साथ ही नगर वासियों ने बस स्टैंड से लेकर बेलगांव तक विशाल स्वागत जुलूस निकालकर सेवानिवृत हुए सैनिक श्री मुलकर का आतिशबाजी ढोल धमाके के साथ स्वागत सत्कार किया, इस दौरान सेवानिवृत हुए सैनिक श्री मूलकर ने भगत सिंह चौक तहसील कार्यालय में बने हुए जयस्तंभ श्री छत्रपति शिवाजी महाराज चौक में पुष्प अर्पित करते हुए सलामी दी।सौसर बस स्टैंड पर इंडियन वेटरन्स ऑर्गेनाइजेशन भारत टीम सौसर,ने भव्य स्वागत किया गया,बस स्टैंड सौसर से शुरू हुई स्वागत रैली ने नगर भ्रमण करते हुए बेलगांव में समापन हुआ। समापन पर बड़ी संख्या में नगर वासियों के अलावा विभिन्न सामाजिक धार्मिक सांस्कृतिक संस्थाओं से जुड़े हुए लोगों ने पहुंचकर सेवानिवृत्ति सैनिक श्री मुलकर का स्वागत सत्कार किया।



## 10 फिट गहरी झिरिया में गिरने से बुजुर्ग की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| परासिया

रावनवाड़ा चीप हाउस में रहने वाले 65 वर्षीय बुजुर्ग की 10 फिट गहरी झिरिया में गिरने से मौत हो गई । मृतक शनिवार सुबह करीब 6:30 बजे पानी लेने झिरिया गया था । स्थानीय निवासी मुन्ना और जीतू ने देखा तो पुलिस को सूचना दी । पुलिस थाना शिवपुरी में पदस्थ एस आई नेरेन्द्र तिवारी मौके पर पहुंचे । मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है । मृतक का नाम सुनील ऊर्फ वीरू डेहरिया बताया जा रहा है । मृतक के पिता गंगाराम डेहरिया सरपंच रह चुके हैं । बता दें , कि उक्त झिरिया का पानी रावनवाड़ा , दिघावानी के लोग पीने के लिए उपयोग करते हैं । यह झिरिया रावनवाड़ा शिवपुरी मार्ग पर पेट्रोल पंप के समीप स्तिथ है । स्थानीय लोगों द्वारा झिरिया का पानी शीघ्र खाली कर सफाई कराने की मांग पंचायत से की है , ताकि दुबारा झिरिया का पानी उपयोग किया जा सके ।

## महिला से बात करने के संदेह में कर दी युवक की हत्या

### 13 आरोपियों के द्वारा धारदार हथियार से किया हमला, 24 घंटे के अंदर किया खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिंगोड़ी

विगत दिनों सिगोड़ी में हुए हत्याकांड का खुलासा करने में पुलिस ने सफलता प्राप्त की है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी पवन पिता गीतमल गुन्हेरे उम्र 24 साल निवासी ग्राम पटनिया चौकी सिंगोड़ी थाना अमरवाड़ा ने रिपोर्ट लेख कराया कि दिनांक 29/10/2025 को रात्रि करीबन 10 बजे अपने भतीजे अर्जुन गुन्हेरे, दोस्त अर्जुन चंद्रवंशी, चचेरा भाई धनराज गुन्हरे एवं करन गुन्हेरे के साथ देवेन्द्र ढाबा सिंगोड़ी में खाना खा रहे थे।

खाना खाते समय अर्जुन गुन्हेरे के फोन पर पटनिया के सोनू ढाकरिया का फोन आया और बोला कि मेरी बहन से फोन पर क्यो बात करता है, इसी बात पर प्रार्थी पवन गुन्हरे एवं आरोपी सोनू ढाकरिया के बीच फोन पर ही वाद विवाद व गाली गलौच होने लगी। ढाबे से खाना खाकर प्रार्थी पवन गुन्हरे एवं



इसके साथी जैसे ही ग्राम भजिया के पास पहुंचे तभी आरोपी आलोक नागवंशी सत्यम उर्फ शंकर विश्वकर्मा सोनू ढाकरिया मनीष नागवंशी विक्की उर्फ विवेक बेलवंशी छोटा उर्फ ईशांत विश्वकर्मा संदीप भारती कन्हैया गोहिया सभी निवासी पटनिया चौकी सिंगोडी प्रभू भारती सुशील भारती सूरज भारती मोनू भारती निवासी कुबडी चौकी सिंगोडी थाना अमरवाडा जिला छिंदवाडा करन नागवंशी कौआ नाला चौकी सिंगोडी थाना अमरवाडा एवं अन्य के द्वारा रास्ता रोककर प्रार्थी पवन गुन्हरे को मां बहन की गंदी-गंदी गालियां एवं जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुये जान से मार देने की नियत से धारदार हथियार से पेट में मार दिया जिससे प्रार्थी को चोट लगने से इलाज हेतू प्राइवेट अस्पताल छिंदवाडा में भर्ती किया गया।

अस्पताल पहुँचकर प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 812/2025 धारा-296,115(2),351(3), 109(1), 126(2), 3(5), बी.एन.एस. 3 (1)द, 3(1) घ,3 (2) (VA), 3(2) (V) SC/ST act का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## जनजातीय विभाग के निर्माण कार्यों में हो रहे भ्रष्टाचार की इबारत को क्यों नहीं पढ़ पा रहा जिला प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तामिया

तामिया तहसील में जनजातीय विभाग के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यो मै सहायक आयुक्त सहायक यंत्री उप यंत्री के मिले संरक्षण के बलबूते छात्रावास स्कूल मंगल भवन निर्माण कार्यों शहित क्षेत्र के स्कूलों छात्रावासों आश्रमों में भ्रष्टाचार किस कदर फल फूल रहा है।

यह किसी से छुपा नहीं है क्योंकि जनजातीय विभाग से हुए टेंडर में इन्हीं अधिकारियों के बलबूते ठेकेदार सी एस आर रेट से बहुत नीचे जाकर टेंडर हासिल कर लेते हैं क्योंकि उन्हें मालूम है कि किसी भी दर पर टेंडर मिले हमें घाटा नहीं हो सकता, क्योंकि अधिकारी जो हमारे संरक्षण दाता बने बैठे हैं। मरम्मत के कामों में तो 50% से अधिक का फर्जीवाडा होना आम है, वही नव निर्माण होने वाले भवनो में ठेकेदार को उप यंत्री द्वारा घर बैठे दिए गए लेआउट



एवं उसका प्लिंथ बिम तक मूल्यांकन भी घर बैठे करते हैं तो समझा जा सकता है कि भ्रष्टाचार का पैमाना कितना होगा। उदाहरण के तौर पर यहां पर चल रहे निर्माण कार्यों में तकनीकी मापदंड के अनुसार 150 सेमी न्यूनतम खुदाई होनी चाहिए, लेकिन यदि इन खोदे गए कालम का भौतिक सत्यापन करेंगे तो कोई भी कालम की खुदाई एक मीटर से ज्यादा नहीं होगी। इस तरह प्रति कालम यहां पर चल रहे निर्माण कार्यों में ठेकेदार 40% का फर्जी मूल्यांकन कर लाखों रुपए का फर्जी बाड़ा कर निर्माणाधीन भवन की गुणवत्ता को बुरी तरह प्रभावित कर रहे हैं, लेकिन ना तो सहायक आयुक्त ना उपन्यत्री इन ठेकेदारों को भ्रष्टाचार करने को रोकने तैयार हैं क्योंकि संरक्षण दिया जा चुका है। निर्माण कार्यों में मापदंडों की कितनी अनुदेखी की गई है। इसका समाचार हरिभूमि साचित्र प्रकाशित कर रहा है, लेकिन जिला प्रशासन आखिर इस सत्यता को स्वीकार करने एवं भ्रष्टाचार करने वाले ठेकेदार एवं फर्जी मूल्यांकन करने वाले उपयंत्री पर कार्रवाई करने में क्यों हिचक रहा है। यदि शीघ्र इन निर्माडाधीन भवनों की गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया गया तो ठेकेदार सरकार का धन भी कमायेगे और आदिवासी बच्चों के लिए बनने वाले भवन गुणवत्ताहीन होंगे। इस ओर जिला प्रशासन को कारगर कदम उठाने होंगे, नहीं तो जनजाति विभाग के लिए निर्माणाधीन भवन घटिया निर्माण के लिए पहचान बन जाएंगे।

## ज्योति सोनी की अग्रिम ज़मानत याचिका ख़ारिज

**परासिया :** परासिया में जहरीले कफ सिरप के मामले में एस आई टी की जांच जारी है । इस मामले में कफ सिरप कंपनी के मालिक गोविंदन रंग नाथन और डॉ प्रवीण सोनी सहित छह लोगों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है । मामले में और भी आरोपी बनाएं जाने की उम्मीद है । सूत्रों से पता चला है , कि डॉ प्रवीण सोनी की पत्नी ज्योति सोनी को भी आरोपी बनाया जा सकता है । जिसके चलते ज्योति सोनी ने पुलिस द्वारा खुद को गिरफ्तार किए जाने की आशंका जताते हुए परासिया न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश के समक्ष अग्रिम जमानत के लिए गुरुवार 30 अक्टूबर को याचिका दायर की थी । जिसे न्यायालय के द्वारा ख़ारिज कर दिया गया । जिसके बाद इधर एस आई टी की टीम ने आरोपी की तलाश तेज कर दी है । श्रीमती सोनी की याचिका के खिलाफ मृतक अदनान के पिता अमीन खान और उसैद के पिता यासीन की ओर अधिवक्ता राजकुमार राय आपत्ति प्रस्तुत की थी ।

### होम स्टे के निरीक्षण के लिए पहुंचें डायरेक्टर, पर्यटकों को मिल रही सुविधाओं का लिया जायजा
# पर्यटन ग्रामों में बनाए जाएंगे कम्युनिटी किचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा



मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा निर्मित होम स्टे के आस-पास सहित पूरे गांव में सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। पर्यटकों को उच्च क्वालिटी का पौष्टिक भोजन परोसा जाए और गांवों में आने वाले पर्यटकों की निजता व सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाए।

उक्त निर्देश होम स्टे के निरीक्षण के लिए पहुंचे टूरिज्म बोर्ड के संचालक कौशल श्री डॉ.डीपी सिंह ने होम स्टे संचालकों व पीएसओ संस्थाओं को दिए। साथ ही छिंदवाड़ा जिले के सभी पर्यटन ग्रामों में कम्युनिटी किचन बनाने के लिए प्रस्ताव भेजने को कहा। श्री सिंह ने धूसावानी, चिमटीपुर और काजरा पर्यटन ग्राम का दौरा किया। उनके साथ होम स्टे परियोजना प्रभारी श्री आरडी सिद्दकी, पर्यटन प्रबंधक गिरीश लालवानी, सतपुड़ा सेल्फ से अजय खोबरे, परार्थ समिति से मंजरी चांदे, आईजीएस से सनोद नागवंशी भी उपस्थित थे। मध्य प्रदेश में सबसे अधिक होम स्टे बनाने और सुचारू संचालन के लिए छिंदवाड़ा अपनी अलग पहचान बना रहा है। इन होम स्टे की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए टूरिज्म बोर्ड के डायरेक्टर श्री सिंह दो दिवसीय दौरे पर छिंदवाड़ा पहुंचें। श्री सिंह ने पर्यटन ग्राम काजरा, चिमटीपुर और धूसावानी का निरीक्षण करके होम स्टे सुधार के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

### धूसावानी में मिलेगी आर्ट व क्राफ्ट की ट्रेनिंग

मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड ने पर्यटन ग्राम धूसावानी में आर्ट व क्राफ्ट का ट्रेनिंग सेंटर खोलने का निर्णय लिया है। यहां युवक-युवतियों को आर्ट व क्राफ्ट से संबंधित वस्तुओं को बनाने की ट्रेनिंग मिलेगी और उन्हें बेचने का बाजार टूरिज्म बोर्ड उपलब्ध करवाएगा, जिससे अंचल के आदिवासी युवाओं को रोजगार मिल सके। इस सेंटर के लिए संचालक श्री सिंह ने स्थान देखा और जल्द ही सेंटर शुरू करने के निर्देश दिए।

### काजरा में बनेगा घाट, पर्यटकों को सुरक्षा सर्वोपरि

मंधान बांध के बैक वाटर एरिया में बसे पर्यटन ग्राम काजरा में होम स्टे व नौका विहार एरिया का निरीक्षण करके श्री सिंह ने यहां पर घाट बनवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्यटन ग्रामों में आने वाले पर्यटकों की सुरक्षा सर्वोपरि है, सुरक्षित पर्यटन मध्यप्रदेश में बढ़ रहे पर्यटन उद्योग का आधार भी है। कम्युनिटी किचन पर जोरः चिमटीपुर होम स्टे के निरीक्षण के दौरान टूरिज्म बोर्ड के संचालकर श्री डॉ.डीपी सिंह ने यहां जल्द से जल्द कम्यूनिटी किचन बनाने के निर्देश दिए। कम्यूनिटी किचन बन जाने से यहां आने वाले पर्यटक स्वयं देसी भोजन भी बना सकेंगे, इससे पर्यटक रोमांच का अनुभव भी ले सकेंगे। श्री सिंह ने सभी पर्यटन ग्रामों में जल्द ही कम्यूनिटी किचन बनाने पर जोर दिया।

## सिद्धेश्वरी देवी जागरण ग्रुप की अनुपम प्रस्तुति, लोगों की बड़ी संख्या में उमड़ी भीड़

# महाकाली माता मंदिर में संपन्न हूआ भव्य जगराता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



महाकाली पूजा उत्सव समिति श्री श्री महाकाली माता मंदिर बाजार चौक जाटाछापर में सिद्धेश्वरी देवी जागरण ग्रुप परासिया द्वारा महाकाली महोत्सव पर भव्य जगराता का आयोजन समिति के संयोजक ओमप्रकाश दुबे (ननकऊ महाराज), किरण शर्मा , मंजू महाराज , संजू महाराज , रक्कू महाराज के द्वारा आयोजित कराया गया । जागरण में ग्रुप के संचालक जिसमें कुलदीप सोलंकी , सौम्या शर्मा , यशस्वी सत्यम टोरिया , अमन परवाना के साथ विविध भक्ति गीतों की प्रस्तुति झांकियों से प्रस्तुत कर देर रात तक समाँ बाँधा । कार्यक्रम में भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह, विधान सभा प्रभारी ज्योति डेहरिया , क्रेडिट सोसायटी के अध्यक्ष माकेण्डेय सूर्यवंशी , माया डेहरिया , कांता ठाकुर , गरिमा दामोदर , सज्जू तिवारी , सोनू पंडित , जयंत राय , सुखनंदन जावरे , शिक्षक संघ से शशि तिवारी , प्रदीप सूर्यवंशी , दीपक साहू सहित बडी संख्या में अतिथि उपस्थित रहें। दुबे परिवार जाटाछापर की ओर संगीता दुबे , रजनी दुबे , वंश दुबे , अंश दुबे , शुभ दुबे , परी दुबे के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया । तत्पश्चात प्रदेश अध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ संजय सिंह द्वारा सभी उपस्थित जनों को काली पूजा महोत्सव की शुभकामनायें दी गई । जागरण के कलाकारों ने देर रात तक समां बाधे रखा ।जिसनों श्रोताओं को नाचने पर मजबूर कर दिया। माता काली, हनुमान जी, भगवान शंकर जी की झांकी मनमोहक रही ।

## सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर एकता यात्रा का हुआ आयोजन

**बिछुआ** - विकासखंड बिछुआ में भारत रत्न,लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 जयंती पर एकता यात्रा निकाली गई,यात्रा का शुभारंभ खमारपानी से हुआ तो समापन बिछुआ में हुआ, लगभग 22 किलो मीटर की इस पदयात्रा में हजारों की तादाद में नागरिकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। यात्रा में मुख्य अतिथि छिंदवाड़ा सांसद विवेक बंटी साहू ने सम्पूर्ण यात्रा रिमझिम बारिश में भी पैदल चलकर पूरी की। इस दौरान सांसद विवेक बंटी साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि सरदार पटेल ने देश की 562 रियासतों को एक सूत्र में बांधकर भारत को एक अखंड राष्ट्र का रूप दिया,इसके अलावा यात्रा की शुरुवात में पूर्व विधायक पंडित रमेश दुबे ने भी यात्रा को संबोधित किया। इस दौरान एकता यात्रा में मुख्य रूप से सांसद विवेक बंटी साहू,पूर्व विधायक पंडित रमेश दुबे, विधानसभा प्रभारी लखन कुमार वर्मा, जिला उपाध्यक्ष बंटी पटेल, जिला मंत्री लक्ष्मीकांत गोलू नागरे,मंडल अध्यक्ष शैलेश चोपड़े,गोपाल कवरेती, नगर परिषद अध्यक्ष रामचंद्र बोबडे, उपाध्यक्ष मंगलेश दुबे, जनपद उपाध्यक्ष निरंकुश नागरे,जिला पंचायत सदस्य पंचकूला कुंडलीक परतेती,पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष शैलेंद्र पटेल,मंडल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला, नवीन बारस्कर, सौरभ ठाकुर, रमाकांत पटेल, श्रीमती लीला बजोलिया, मदन राय, नीरज पटेल,धर्मसिंह वर्मा,मंडल महामंत्री विजेंद्र सिंह दीक्षित, श्रीमती कीर्ति करमेले,दशरथ साहू, राधेश्याम केवटे, वरिष्ठ नेता रामसिंह पटेल,शिवराम चौरसिया, मारुति कोचे,हरिचंद चौधरी,डॉ धनेंद्र वर्मा,बीईओ लक्ष्मीकांत मिश्रा,थाना प्रभारी सतीश उईके, सीएमओ आशीष मरावी,समेत गणमान्य नागरिक,मातृशक्ति एवं प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।



## व्यापार महासंघ का दिवाली मिलन समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

नगर से 3 किलोमीटर दूर स्थित सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल पहली पायरी, जुन्नारदेव विशाला में शुक्रवार को व्यापार महासंघ के द्वारा दीपावली के पावन अवसर पर व्यापारी मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर के प्रत्येक वर्ग के व्यापारियों ने यहां उपस्थिती प्रदान की। इसी कार्यक्रम में दमुआ व्यापारी मंडल के पदाधिकारीयो ने भी अपनी उपस्थिति दी। व्यापार महासंघ जुन्नारदेव के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम नगर के प्रतिष्ठित वरिष्ठ व्यापारीजन चंद्रकुमार सोनी, मुनीष कुमार झाम एवं प्रदीप शर्मा के द्वारा श्री लक्ष्मी जी एवं श्री गणेश जी का पूजन अर्चन किया गया। स्वागत भाषण व्यापार मंडल के महामंत्री मनीष बंटी साहू के द्वारा पढ़ा गया। नगर के उजड़ते व्यापार एवं प्रतिकूल परिस्थितियों के मद्देनजर वरिष्ठतम व्यापारियों में सर्वश्री अमरदीप राय, रानू रसेला, शौर्य गोदवानी, जितेंद्र माहौरे, दमुआ व्यापारी मंडल के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपाल, मदन सोनी, रमेश श्रीवास्तव राही, आकाश ठाकरे के द्वारा व्यापारियों की समस्याओं को रखा गया। अंत में व्यापार महासंघ के अध्यक्ष तरुण बत्रा के द्वारा महासंघ की भावी योजनाओ, क्षेत्रीय विकास हेतु शासन व प्रशासन से समन्वय की रणनीति को प्रस्तुत कर आमंत्रित अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इसके पश्चात समस्त व्यापारियों के द्वारा सामूहिक भोज का आनंद प्राप्त किया गया। व्यापार महासंघ, जुन्नारदेव के इस व्यापारी मिलन समारोह को कन्हान बचाओ मंच, अधिवक्ता संघ एवं प्रेस क्लब तथा पत्रकारों के द्वारा सक्रिय सहयोग प्रदान किया गया।

## मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर कॉलेज में हुए रांगोली प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

शासकीय महाविद्यालय दमुआ में 1 नवंबर को मध्य प्रदेश स्थापना दिवस एवं साइबर क्राइम जागरूकता एवं सुरक्षा विषयक कार्यक्रम बड़े हर्ष और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।इस अवसर पर जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्री दिलीप गोहे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रदेश की प्रगति में योगदान देने का संदेश दिया।महाविद्यालय की प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में मध्य प्रदेश के गौरवशाली इतिहास, सांस्कृतिक विविधता एवं विकास यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रदेश शिक्षा, कृषि, उद्योग और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है।जितेंद्र दिवाकर ने "साइबर क्राइम जागरूकता एवं सुरक्षा" विषय पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि आज के डिजिटल युग में साइबर अपराधों से बचाव के लिए सतर्कता, मजबूत पासवर्ड, दो-स्तरीय सुरक्षा और व्यक्तिगत जानकारी की गोपनीयता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने छात्रों को साइबर अपराध की स्थिति में त्वरित रिपोर्टिंग के लिए हेल्पलाइन नंबर 1930 और वेबसाइट www.cybercrime.gov.in की जानकारी भी दी।कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा मध्य प्रदेश गान और राष्ट्रगान सामूहिक रूप से गाया गया, जिससे समारोह का वातावरण देशभक्ति और प्रदेश गौरव की भावना से ओत-प्रोत हो उठा।इस अवसर पर विद्यार्थियों ने आकर्षक रंगोली प्रतियोगिता में भाग लेकर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को सजीव किया।कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र दिवाकर ने किया। समस्त महाविद्यालयीन स्टाफ एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## हर्षोल्लास से मनाया मध्यप्रदेश का स्थापना दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव में शासन के निर्देशानुसार मध्य प्रदेश स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन संस्था प्रमुख डॉ. ए के तांडेकर के निर्देशन एवं आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. संगीता वाशिंगटन के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती का पूजन एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। मध्य प्रदेश स्थापना दिवस कार्यक्रम के अवसर पर संस्था प्रमुख डॉ. ए के तांडेकर ने अपने उद्बोधन मे कहा कि भौगोलिक परिस्थिति ही उस राज्य की वर्तमान स्थिति की द्योतक होती है। मध्य प्रदेश इसी आधार पर सबसे सुरक्षित राज्य है। आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. संगीता वाशिंगटन ने मध्य प्रदेश से संबंधित कविता व गीत के माध्यम से मध्य प्रदेश की बात कही। मध्य प्रदेश के गौरवशाली 70 वे स्थापना दिवस पर महाविद्यालय प्राध्यापकों ने अपने-अपने विचार विस्तार से रखें जिसमें प्रो. आर के चंदेल, डॉ एसके शेंडे मोहम्मद आबिद, डॉ प्रवीण बोबडे, डॉ राहुल भारती, डॉ गुंजा माहोरे, डॉ कविता मुकाती, प्रो. जागृति उईके, डॉ डॉली बरैया, डॉ निलेश वासनिक तथा छात्र रोहित यादव अनुश्री विश्वकर्मा जिया मोहबे आदि ने मध्य प्रदेश के समृद्ध व 70 वर्ष की भव्य विकास यात्रा पर उद्बोधन प्रस्तुत किया और शुभकामनाएं प्रेषित की। मंच का संचालन प्रो. मनोज कुमार मालवीय ने एवं अंत में आभार डॉ कैलाश गाकरे के द्वारा किया गया। इस अवसर पर समस्त महाविद्यालय परिवार एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## दिव्यांग बच्चों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सुंदर प्रस्तुति



**छिंदवाड़ा।** 1 नवंबर के शुभ दिन छिंदवाड़ा में दिव्यांगों की सेवा में समर्पित संस्था आधार फाउंडेशन में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मध्य प्रदेश का 70 वां स्थापना दिवस मनाया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक - नगर पालिक निगम के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन रहे एवं अध्यक्षता स्वच्छता प्रेमी देव पाठक ने की, जिनके साथ सिद्धि विनायक बेस्ट मैनेजमेंट की स्वच्छता टीम सम्मिलित हुई।जिनका दिव्यांग बच्चों सहित सक्षम के जिलाध्यक्ष इंजीनियर महेश किन्थ एवं आधार फाउंडेशन की संचालिका सरिता पांडे के साथ सुमित्रा पवार, बिंदु यादव, भूमेश्वरी धुवारे ने तिलक एवं बैच लगाकर तुलसी का पौधा भेंट कर आत्मीय अभिनंदन किया।इस अवसर दिव्यांग बच्चों ने सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर स्थापना दिवस की बधाई दी ओर अतिथियों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम की पूर्णता पर ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन ने सभी को भारत की एकता एवं अखंडता के साथ छिंदवाड़ा को स्वच्छ - स्वस्थ एवं सुंदर बनाने का संकल्प दिलाया और सभी दिव्यांग बच्चों को स्वादिष्ट भोजन कराकर 70 वें स्थापना दिवस की मंगलकारी शुभकामनाएं दी।

## शासकीय महाविद्यालय में मनाया गया स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।




स्व. दिलीप भटेरे शासकीय महाविद्यालय, किरनापुर में दिनांक 01 नवम्बर 2025 को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस बड़े उत्साह एवं गरिमा के साथ मनाया गया। यह आयोजन उच्च शिक्षा विभाग एवं स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना, भोपाल के दिशा-निर्देशों के अनुसार संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों में राज्य गौरव, एकता तथा सांस्कृतिक पहचान की भावना को सुदृढ़ करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय परिसर में हुआ, जिसमें सभी प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे। सर्वप्रथम उपस्थित सभी ने सामूहिक रूप से मध्यप्रदेश गान का गायन किया। इससे पूरे वातावरण में राज्य प्रेम और एकता की भावना जागृत हुई।

इसके पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुनीता जैन ने सभी को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने अपने संबोधन में मध्यप्रदेश के इतिहास, संस्कृति, लोककला, प्राकृतिक संपदा तथा राज्य के विकास में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थियों ने भी मध्यप्रदेश की उपलब्धियों, गौरवशाली परंपराओं और सामाजिक विविधता पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। अंत में सभी ने राज्य की एकता, समृद्धि और विकास में योगदान देने का संकल्प लिया।

## जनपद पंचायत वारासिवनी सभागार में एक दिवसीय अल्पविराम कार्यशाला हुई सम्पन्न

### 'आनंद से सकारात्मक ऊर्जा का विकास होता है- पुष्पा बिसेन

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** कलेक्टर मृणाल मीना के मार्गदर्शन तथा राज्य आनंद संस्थान भोपाल आनंद विभाग एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड वारासिवनी के संयुक्त तत्वावधान में जनपद पंचायत वारासिवनी के सभागार में एक दिवसीय विकासखंड स्तरीय अल्पविराम परिचय कार्यशाला का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद पंचायत वारासिवनी की भूतपूर्व जनपद अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा निरंजन बिसेन के मुख्यातिथ्य एवं जिला पंचायत सदस्य श्रीमती गीता हनवत, जल समन्वयक मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद सुशील वर्मन एवं हरिओम दुबे जीवन आनंद क्लब के अध्यक्ष अल्पविराम मास्टर ट्रेनर्स अफशा खान विकासखंड समन्वय द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन कर दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। आनंद विभाग के वी के पटेल जिला संपर्क व्यक्ति एवं मास्टर ट्रेनर्स राज्य आनंद संस्थान सोहन साहू, मास्टर ट्रेनर्स जिला डिंडोरी कमलकांत बि_ले मास्टर ट्रेनर्स उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जिला समन्वयक श्री बर्मन द्वारा अल्पविराम कार्यक्रम के उद्देश्य से अवगत कराया गया। सभी प्रतिभागियों को जीवन में आनंद कैसे प्राप्त हो, इस विषय पर उन्होंने अपने विचार रखे। कार्यक्रम की मुख्य श्रीमती पुष्पा निरंजन बिसेन ने कहा कि आनंद विभाग एवं जन अभियान परिषद द्वारा आयोजित अल्पविराम परिचय कार्यशाला का कार्यक्रम अत्यंत सराहनीय है, जो आज की इस भागदौड़ की जिंदगी में कामकाज के दौरान कैसे आनंदित रहते हुए कार्य किया जाये, जितना खुशहाल एवं आनंदमय होकर कार्य करेंगे, उतनी कार्य में प्रगति होगी। आनंदमय जीवन से सकारात्मक ऊर्जा का विकास होता है।

हरिओम दुबे ने बताया कि आनंद के बिना सुख की प्राप्ति नहीं की जा सकती और कैसे हम अपने जीवन को आनंदमय बना सकते है और कैसे हम अपना तनाव दूर कर सकते है? इस पर चर्चा की। सत्र प्रशिक्षक वी के पटेल द्वारा लाइफ बैलेंस शीट एवं संपर्क, सुधार, दिशा के सत्र लिए गए एवं उनके द्वारा व्यवहार परिवर्तन से जीवन को मिली दिशा से जुड़े अनुभव साझा किए गये।

मास्टर ट्रेनर सोहन साहू ने मुक्ति पात्र के माध्यम से बताया कि क्या मैं जैसा बाहर से दिखाई देता हूँ, वैसा भीतर से हूँ तथा लोगों से भी वैसी अपेक्षा रखता हूँ? अब मैं अपने जीवन में आनंद की अनुभुति प्राप्त कर रहा हूँ। श्री कमल कांत वि_ल ने गीत, कहानी एवं हास्य के माध्यम से जीवन में सुख की अनुभूति कैसे प्राप्त हो? हम अपने जीवन को बिना चिंता के आनंद से कैसे जी सकते हैं, इसको गीत एवं प्रस्तुतिकरण के माध्यम से बताया।

विकासखंड समन्वयक अफशा खान द्वारा समस्त अतिथि एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया। समस्त मेंटर्स लोकेश कोमिंद्र, नारायण जी, सत्यवती नगपुरे, निकिता मिश्रा एवं नवांकुर संस्था से राजकुमार लिल्हारे का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यशाला में प्रतिभागियों ने भी उत्सुकता से जीवन में आनंद कैसे मिले? इसके लिए अनेकानेक खेल एवं क्रियान्वयन में सहभागिता रही।

## पाली अकादमिक संस्थान में हर्षोल्लास से मनाया गया मध्य प्रदेश स्थापना दिवस



### सी.बी.एस.ई विद्यालय पाली अकादमिक संस्थान में समस्त शैक्षणिक स्टाफ और छात्रों की उपस्थिति में मनाया गया स्थापना दिवस

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** 1 नवंबर 2025 को सी.बी.एस.ई विद्यालय पाली अकादमिक संस्थान में मध्य प्रदेश राज्य का 70वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मध्य प्रदेश कालीन प्रार्थना सभा में मध्य प्रदेश गान का गायन कक्षा 7वीं की छात्राओं द्वारा किया गया।

तत्पश्चात विद्यालय स्तर पर छात्र-छात्राओं के लिए कविता पाठ, भाषण, प्रश्नोत्तरी, निबंध और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें समस्त छात्र-छात्राओं ने अति उत्साहपूर्वक अपनी सहभागिता दिखाई।

कार्यक्रम के दौरान संस्थान की संचालिका महोदया श्रीमती वंदना वैद्य ने मध्य प्रदेश राज्य की स्थापना के इतिहास और इसकी विविधताओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश का निर्माण 1 नवंबर 1956 को हुआ था, जब तत्कालीन सीपी एंड बरार, मध्य भारत और भोपाल राज्य को मिलाकर एक राज्य बनाया गया था।

कार्यक्रम का आयोजन संस्थान की संचालिका महोदया श्रीमती वंदना वैद्य की अध्यक्षता में प्रबंधक श्री संजय चौरे और प्राचार्या महोदया श्रीमती श्रद्धा कांड्रा के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर समस्त शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित थे।

## स्पीड ब्रेकर से उछलकर बाइक हुई अनियंत्रित

### बाइक सवार गंभीर रूप से घायल, जिला अस्पताल रेफर

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** कटंगी से बोनकट्टा मुख्य सड़क मार्ग पर सांदीपनी स्कूल के सामने बने स्पीड ब्रेकर से उछलकर बाइक अनियंत्रित हो गई। जिससे बाइक सवार के सर पर गहरी चोट आई है। सरकारी अस्पताल कटंगी में प्राथमिक उपचार के बाद घायल शख्स को जिला अस्पताल बालाघाट रेफर कर दिया गया है। घटना शनिवार की सुबह तकरीबन 11 बजे के आसपास की है। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम बड़गांव का निवासी 40 वर्षीय शख्स मुनेश पिता हरिप्रसाद ठाकरे शासकीय कामकाज के सिलसिले में तहसील कार्यालय की तरफ जा रहे थे। इस दौरान सांदीपनी स्कूल के सामने बने स्पीड ब्रेकर से दो पहिया वाहन नियंत्रित हो गया जिस कारण वह सड़क पर गिर पड़े। हादसे के बाद उन्हें सबसे पहले सरकारी अस्पताल कटंगी लाकर भर्ती करवाया गया यहां प्राथमिक उपचार देने के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। आपको बता दें कि समूचे बालाघाट जिले में सड़क हादसों को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक ने आज 1 नवंबर से नो हेलमेट नो राइड अभियान शुरू किया लेकिन इस अभियान का असर कटंगी शहर में देखने को नहीं मिला। कटंगी पुलिस अभियान को लेकर गंभीर नजर नहीं आई। यही वजह रही की बाइक चालक बिना हेलमेट के शहर में वाहन चलाते हुए नजर आए। गौरतलब हो कि अगर बाइक चालक हेलमेट का उपयोग किया होता तो उसके सिर पर गहरी चोट ना लगती।



दरअसल, सांदीपनी स्कूल के सामने से तेज रफ्तार से निकलने वाले वाहनों की स्पीड पर नियंत्रण करने के लिए यहां ब्रेकर बनवाए गए। लेकिन यही ब्रेकर अब आए दिन सड़क हादसों का कारण बन रहे हैं इन हादसों को देखते हुए कुछ लोग स्पीड ब्रेकर को हटाने की मांग कर रहे हैं जबकि कुछ लोगों का अब भी यह कहना है कि इन ब्रेकर की वजह से तेज रफ्तार भाग रहे वाहनों की स्पीड पर नियंत्रण हुआ है। आपको बता दें कि मुख्य सड़क मार्ग पर जगह-जगह ब्रेकर बनवाए गए हैं। सड़क का मरम्मत कार्य करने वाली कंपनी के कर्मचारियों से लोगों ने अपने मन मुताबिक जहां-जहां स्पीड ब्रेकर बनवा लिए अब यही ब्रेकर हादसों का कारण बन रहे हैं। कटंगी से बोनकट्टा 22 किलोमीटर के सड़क मार्ग पर दो दर्जन से भी अधिक स्पीड ब्रेकर बने हैं। यही हाल सिवनी रोड का भी है जहां कहां स्पीड ब्रेकर होने से कई बार वाहन चालकों को ब्रेकर समझ नहीं आते और सड़क हादसा हो जाता है। कायदे की बात की जाए तो राजमार्ग होने के कारण इस सड़क मार्ग पर कहीं भी स्पीड ब्रेकर नहीं होना था लेकिन हादसों को देखते हुए जगह-जगह वाहनों की रफ्तार पर कंट्रोल करने ब्रेकर बना दिए गए।

## कांग्रेसियों ने स्वर्गीय इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि और सरदार बल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई

### देश की दिशा और दशा बदलने में स्वर्गीय इंदिरा गाँधी की बहुत बड़ी भूमिका-विवेक पटेल

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



कांग्रेस जनसम्पर्क कार्यालय में भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि और स्वतंत्र भारत के प्रथम गृह मंत्री व उपप्रधानमंत्री, राष्ट्रीय एकता के प्रतीक एवं भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती सम्मान समारोह पूर्वक मनाई गई।

कांग्रेसियों द्वारा स्वर्गीय इंदिरा गांधी और सरदार वल्लभभाई पटेल के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर दोनों के अमर रहने के नारे लगाएं। इस अवसर पर कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि भारतीय राजनीति के इतिहास में इंदिरा गांधी को विशेष रूप से याद किया जाता हैं, उनकी महानता इतनी थी कि विपक्ष के नेता होते हुए पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने उन्हें दुर्गा का अवतार की संज्ञा दी थी। एक तेज तर्रार, त्वरित निर्णायक क्षमता और लोकप्रियता ने इंदिरा गांधी को देश और दुनिया की सबसे ताकतवर नेताओं में शुमार कर दिया था। इंदिरा गांधी को देश तीन कार्यो के लिए सदैव याद करता हैं, पहला बैंकों का राष्ट्रीयकरण, दूसरा पाकिस्तान को पराजित कर बांग्लादेश का उदय करने एवं तीसरा राजा-राजबाड़ी प्रथा को समाप्त करना।

इस मौके पर विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि इंदिरा गांधी देश की पहली महिला प्रधानमंत्री बनी, इससे देश का मान बढ़ा। स्वर्गीय इंदिरा गाँधी अपने कुशल नेतृत्व में देश को काफी आगे लेकर गई थी। देश की दिशा और दशा बदलने में इंदिरा जी की बहुत बड़ी भूमिका रही। उन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता। देश के प्रति स्वर्गीय इंदिरा गॉधी काफी समर्पित थी। आयरन लेडी के नाम से मशहूर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गॉधी ने देश को परमाणु संपन्न राष्ट्र बनाया। इनके कार्यकाल में देश शक्तिशाली बनकर उभरा, देश ने तरक्की की राह पकड़ी। इंदिरा गांधी ने देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए कौमी एकता का भी नारा दिया, देश को संगठित बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**खबर संक्षेप**

## संगीतमय कीर्तन अखंड ज्योत आयोजन आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** देवउठानी एकादशी के उपलक्ष्य मे जन्मदिवस मेरे श्याम का 2 नवंबर 2025 दिन रविवार भव्य दरबार संगीतमय कीर्तन अखंड ज्योत आयोजन किया जाएगा जिसमें निवेदक एवं आयोजन श्री बबलू राय जी द्वारा रात्रि 8 बजे से प्रभु इक्षा तक भजन का कर्यक्रम किया जाएगा प्रवाहक : टीम श्याम दीवाने सिवनी म्यूजिकल श्याम दीवाने म्यूजिकल ग्रुप सिवनीभजन प्रवाहकः नीलेश मालवीय विवेक विश्वकर्मा। अंकित नेमा प्रसंग मालवीय प्रेम अग्रवाल कार्तिक ठाकुर रोहित साहू श्याम सारथीः विशाल बघेल दुर्गेश भारद्वाज मानस अग्रवाल पूरव करोसिया बबलू राय ग्राम एरमा राय मोहल्ला शिवमन्दिर के पास पोस्ट बादलपार तहसील कुरई जिला सिवनी कार्यक्रम संपन्न होगा।

## नरेश मरावी 10 दिवसीय प्रशिक्षण हेतु पचमढ़ी प्रस्थित हुए

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार संगठन सृजन अभियान के माध्यम से मनोनित हुए मध्यप्रदेश के समस्त 71 जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गणो का मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 2 नवम्बर से 12 नवम्बर 2025 तक पचमढ़ी में आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस के अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी, मध्यप्रदेश के प्रभारी श्री हरीश चौधरी, मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी एवं म.प्र.विधानसभा नेता प्रतिपक्ष श्री उमंग सिंघार सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गण अपना मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। इस प्रशिक्षण शिविर में समल्लित होने हेतु जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी के अध्यक्ष श्री नरेश मरावी आज शाम 5 बजे सिवनी से प्रस्थित हुए। प्रस्थान के समय जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय इंदिरा भवन में उपस्थित वरिष्ठ कांग्रेस नेता गणो ने शुभकामनाएँ सहित प्रशिक्षण शिविर स्थल पचमढ़ी के लिए विदा किया।

## ऑल इंडिया इनामी दंगल आज मलारा में

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** विगत वर्षों की अपार सफलता के बाद इस वर्ष भी भारत की गौरवशाली परपरा दंगल को प्रोत्साहन देने के लिए ऑल इंडिया इनामी दंगल का आयोजन 02 नवंबर रविवार को ग्राम मलारा (तह. बरघाट, जिला. सिवनी) में ग्रीन सिटी एसोसिऐशन एवं जिला कुश्ती संघ के तत्वाधान में रखा गया है। आयोजन अल्ताफुर्रहमान ने इस दंगल में सभी से उपस्थिति की अपील की है।

## केवलारी में बीएलओ सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण आयोजित अपर कलेक्टर सी.एल. चनाप हुए शामिल

**सिवनी** / भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 के अंतर्गत शुक्रवार को केवलारी विधानसभा क्षेत्र में बीएलओ सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सी.एल. चनाप मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। प्रशिक्षण में एसडीएम महेश अग्रवाल भी उपस्थित रहे।

# कोतवाली के हत्थे चढ़े 12 जुआरी

**कोतवाली पुलिस ने ग्राम नरेला में जुए के फड़ पर दबिश देकर 12 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से सात बाईक, 52 ताश के पत्ते और मात्र 15,880 रुपये नकद जब्त किए।**



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के निर्देशन, एएसपी दीपक मिश्रा और नगर पुलिस अधीक्षक श्रद्धा सोनकर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सतीश तिवारी के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम नरेला में कुछ लोग रुपये पैसों का जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर दबिश दी और सभी को मौके से पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों में भोपालसिंह बघेल हीरा यादव, विक्रम यादव, शुभम साहू, जयपाल कुशवाहा, अभिषेक बर्मन, रामपाल बर्मन, विनय उइके, नरेन्द्र बघेल, अनिल बर्मन, देवदास बर्मन (सभी नरेला निवासी) नारायण रजक (रूपचंद नगर भैरोगंज) शामिल हैं। पुलिस ने जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। वही पुलिस ने मौके से 7 मोटरसाइकिलें, 15,880 नकद, और 52 ताश के पत्ते बरामद किए हैं।



## नगर के नेहरू मार्ग पर लग रहा प्रतिदिन जाम नागरिकों ने की वनवे करने की मांग

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी नगर के मुख्य बाजार बुधवारी बाजार जाने वाले नेहरू मार्ग पर प्रतिदिन जाम लग रहा है मार्ग वनवे न होने के कारण चौपहिया वाहनों का दोनों तरफ से आने के कारण यह जाम की स्थिति निर्मित होती है नगर के कुछ नागरिकों ने मार्ग को वनवे करने की मांग की है जिससे मार्ग में जाम ना लगे मार्ग में जाम लगने का एक प्रमुख कारण कुछ दुकानदारों द्वारा मार्ग पर अतिक्रमण करना भी मुख्य कारण है इस और पुलिस एवं यातायाात विभाग भी ध्यान नहीं दे रहा हे जिसके का राहगीीर दोनों तरफ चार पहियाा वाह लेकर नेहरू मार्ग पर आते है।

## पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के सामाजिक ऑडिट ऐप वी -मित्र के 100 दिन पूर्ण

**जानकारी दें इनाम पाएं संदेश से नागरिकों को मिले 15 लाख रुपए**

सिवनी मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा नागरिकों को रिपोर्ट करने और पुरस्कार प्राप्त करने का अवसर देने वाले सामाजिक ऑडिट ऐप वी-मित्र को लांच हुए 100 दिन पूर्ण हो गए। 'जानकारी दें, इनाम पाएं' का संदेश देने वाले वी-मित्र के माध्यम से 100 दिन के दौरान कुल 30 हजार मामले दर्ज हुए। दर्ज मामलों में 17 हजार 200 मामलों की जांच में 3 हजार 850 मामलों में अनियमितताएं पायी गईं। वी-मित्र के माध्यम से विद्युत चोरी व अनियमितता की जानकारी देने पर इस दौरान नागरिकों को 3 हजार 150 मामलों में साढ़े 15 लाख रूपए के इनाम बिना किसी कार्यालय गए उनके खातों में ट्रांसफर किए गए।

विभिन्न एजेंसियों द्वारा रिपोर्ट किए गए स्मार्ट मीटर डेटा एनालिसिस मामलों में लगभग सात फीसदी के विरूद्ध वी-मित्र ऐप का स्ट्राइक रेट 22 फीसदी रहा।

विद्युत चोरी व अनियमितता करने वालों पर पेनाल्टी

इस दौरान ऐसे मामलों में 4 करोड़ 64 लाख रूपए की बिलिंग की गई और विद्युत चोरी व अनियमितता करने वालों से कुल 23 लाख रूपए की वसूली की गई। जिन क्षेत्रों में अनियमितता के प्रकरण दर्ज किए गए, वहां के विद्युत अमले पर जुर्माना लगाया गया। ऐसे विद्युत अमले? पर 3 लाख 25 हजार रूपए की प्रोविजनल पेनाल्टी लगाई गई। ऐसे 91 मामलों में 26 हजार रूपए की वसूली की गई। इस दौरान नए उपभोक्ता प्रकरण एवं लोड वृद्धि के 3 हजार 100 मामले दर्ज हुए।

# सिवनी से मंडला मार्ग की जर्जर हालत

**सिवनी/केवलारी : सिवनी से मंडला मार्ग की जर्जर हालत और प्रशासन की उदासीनता के विरोध में सामाजिक कार्यकर्ता स्वप्निल उपाध्याय ने अनोखा तरीका अपनाने का फैसला किया है। वे 3 नवंबर से इस सडक़ के गड्ढों में बेशरम के पौधे लगाकर शासन-प्रशासन को उनकी लापरवाही का आईना दिखाने जा रहे हैं।**



स्वप्निल उपाध्याय का कहना है कि पिछले एक वर्ष से इस सडक़ के गड्ढे मौत को न्योता दे रहे हैं। कई बार शिकायत और आग्रह के बावजूद भी जिम्मेदार विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। अब यह प्रतीकात्मक विरोध जरूरी हो गया है ताकि प्रशासन जागे।

गौरतलब है कि सिवनी से मंडला जाने वाला यह प्रमुख मार्ग, विशेषकर कान्हीवाड़ा से नैनपुर के बीच का हिस्सा, इस हद तक खराब हो चुका है कि लोग अक्सर कहते हैं सडक़ में गड्ढे हैं या गड्ढों में सडक़। सडक़ की दयनीय स्थिति के कारण आए दिन लोग चोटिल होते हैं, वहीं राज्य शासन द्वारा गड्ढे भरने का विशेष अभियान चलाए जाने के बावजूद इसका कोई असर यहां दिखाई नहीं दे रहा। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि केवल गड्ढे भरने से सडक़ की स्थिति नहीं सुधरेगी, बल्कि इस मार्ग का पुनर्निर्माण और चौड़ीकरण अत्यावश्यक है।

पेंच और कान्हा राष्ट्रीय उद्यान को जोड़ता है यह मार्ग

यह सडक़ मार्ग न केवल सिवनी और मंडला जिलों को जोड़ता है, बल्कि प्रसिद्ध पेंच और कान्हा राष्ट्रीय उद्यानों को भी आपस में जोड़ता है। इस मार्ग से होकर देश-विदेश से आने वाले पर्यटक गुजरते हैं। ऐसे में इस सडक़ की खस्ताहाल स्थिति पर्यटन छवि पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा कर रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि मंत्री, सांसद, विधायक एवं अधिकारीगण इस मार्ग से नियमित रूप से गुजरते हैं, बावजूद इसके अब तक सडक़ सुधार या चौड़ीकरण को लेकर कोई ठोस पहल नहीं की गई है। स्वप्निल उपाध्याय की यह पहल अब आमजन की आवाज बनती जा रही है। लोग उम्मीद जता रहे हैं कि शायद बेशरम के पौधे ही प्रशासन की बेशरमी को जगाने का काम करें।

## 70वां मध्यप्रदेश स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।**

70वां मध्यप्रदेश स्थापना दिवस जिला मुख्यालय के पुलिस ग्राउंड में उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने ध्वजारोहण कर सलामी ली। इस अवसर पर विधायक दिनेश राय, जिला अध्यक्ष भाजपा श्रीमती मीना बिसेन, नगरपालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया, पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता, अपर कलेक्टर सी.एल. चनाप, अपर कलेक्टर श्रीमती सुनीता खंडायत सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं स्कूली छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में प्रदेश की प्राकृतिक धरोहर एवं संस्कृति, परंपरा और लोक जीवन की झलक देखने को मिली, जिसने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। इस अवसर पर विधायक दिनेश राय एवं पुलिस अधीक्षकसुनील मेहता ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप रुपए 5000-5000 की राशि प्रदान की गई। कार्यक्रम के अंत में सामाजिक न्याय विभाग के कला पथक दल द्वारा मध्यप्रदेश गान की प्रस्तुति दी गई, जिसके साथ समारोह का समापन हुआ।



## बंडोल प्रेस क्लब ने मुख्यमंत्री के नाम बंडोल थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन



**सिवनी पुलिस द्वारा सिवनी न्यूज के संपादक अजय ठाकरे को बिना जांच के किए बनाया झूठे प्रकरण**

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।**

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं गृहमंत्री के नाम बंडोल प्रेस क्लब ने बंडोल थाना प्रभारी को एक ज्ञापन सौंपा है जिसमें पत्रकार संगठनों ने उल्लेख किया है कि सिवनी जिले में कार्यरत पत्रकार निष्पक्षता और निर्भीकता के साथ जनता की आवाज- प्रशासन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। प्रदेश सरकार भी समय-समय पर पत्रकारों के मान सम्मान की बात करते आई है, परंतु दुर्भाग्यवश जमीनी स्तर पर कई बार पत्रकारों के साथ दोहरा रवैया अपनाया जाता है। कभी उन पर हमले किए जाते हैं, तो कभी बिना जांच के झूठे प्रकरण दर्ज कर उन्हें परेशान किया जाता है। इस प्रकार की कार्यवाही से लोकतंत्र की नींव कमजोर होती है।

## केवलारी विधायक ने मक्के की फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जन सुनिश्चित किये जाने कि मांग के लिए लिखा पत्र



**केवलारी।** विधायक ठाकुर रजनीश सिंह ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अनुरोध किया कि सिवनी जिले की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से कृषि पर आधारित है। विधानसभा केवलारी सहित संपूर्ण सिवनी जिले में किसान भाइयों द्वारा खरीफ की फसल के रूप में मक्का का उत्पादन किया जा रहा है। मक्का उपार्जन हेतु केन्द्र सरकार द्वारा समय समय पर न्यनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किया जाता है। वर्ष 2025-26 के लिए मक्का का न्यनतम समर्थन मूल्य रूपये 2400/- प्रति क्विंटल घोषित किया गया है। वर्तमान में सिवनी जिले की कृषि उपज मंडियों में मक्का का बाजार भाव रूपये 1000 से रूपये 1800 प्रति क्विंटल तक चल रहा है जो कि केन्द्र सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य से काफी कम है। इस कारण किसान भाइयों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है और उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है।

अतः मुख्यमंत्री से अनुरोध है कि सिवनी जिले सहित संपूर्ण प्रदेश की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए किसानों के हित में मक्का का उपार्जन न्यनतम समर्थन मूल्य पर सुनिश्चित कराया जाए, ताकि किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य प्राप्त हो सके। अतः मक्का फसल की फसल के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जन सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने की मांग।

## छात्रावास दिवस पर जिले के छात्रावासों में विविध कार्यक्रम आयोजित

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।**

मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर 01 नवम्बर को सिवनी जिले में जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत संचालित छात्रावासों में उत्साहपूर्वक छात्रावास दिवस मनाया गया। जिले के सभी बालक एवं बालिका छात्रावासों में इस अवसर पर खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम, निबंध लेखन, चित्रकला, वाद-विवाद जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों ने समूह गायन, नृत्य एवं नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से आदिवासी संस्कृति की झलक प्रस्तुत की। संस्थाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं द्वारा वार्षिक उपलब्धियों की प्रस्तुति दी गई तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर सिवनी पहुँचीं और वहाँ आयोजित छात्रावास दिवस कार्यक्रम में शामिल हुईं। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह भी उपस्थित रहीं। कलेक्टर एवं सीईओ ने छात्राओं से संवाद कर उनकी शिक्षा, अनुशासन एवं दैनिक दिनचर्या की जानकारी ली।

कलेक्टर श्रीमती पटले ने कहा कि छात्रावास ऐसे स्थल हैं जहाँ विद्यार्थी अनुशासन, सहयोग और आत्मनिर्भरता सीखते हैं। उन्होंने छात्राओं से नियमित अध्ययन कर अपने लक्ष्य की प्राप्ति हेतु सतत प्रयासरत रहने का आग्रह किया। सीईओ श्रीमती शाह ने छात्राओं को उपलब्ध सुविधाओं का सदुपयोग करने और आगे बढने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की सराहना की गई।

## प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत स्टेट बैंक ने दिया 2 लाख रुपये का चेक

**बरघाट।** प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत आम नागरिकों को सुरक्षा कवच प्रदान करने की दिशा में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया लगातार कार्य कर रहा है। इसी क्रम में जिला मुख्यालय से लगभग बाइस किलोमीटर दूर बरघाट नगर स्थित स्टेट बैंक शाखा द्वारा अपने दो ग्राहक के परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। यह योजना जीवित व्यक्ति के लिए मात्र 376 रुपये वार्षिक प्रीमियम पर उपलब्ध है, जिसके तहत स्वाभाविक मृत्यु की स्थिति में परिजनों को 2 लाख रुपये की बीमा राशि दी जाती है।



इसी योजना के अंतर्गत सुरेन्द्र कुमरे , निवासी ग्राम बम्हनी , की स्वाभाविक मृत्यु के उपरांत, उनके पिता परसादी कुमरे एवं खुर्सीपार निवासी मृतक चेतराम राउत के पिता मोहन लाल राउत को 2 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। यह चेक शाखा प्रबंधक गौरव किरार द्वारा सौंपा गया। इस अवसर पर बैंक प्रबंधक ने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना आम नागरिकों के लिए अत्यंत उपयोगी है, जिससे कम प्रीमियम में परिवार को आर्थिक सुरक्षा मिलती है। उन्होंने बताया कि बैंक प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना सहित अनेक सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का संचालन कर रहा है, जिनका लाभ अधिक से अधिक उपभोक्ता उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बैंक समय-समय पर अपने ग्राहकों को इन शाखा प्रबंधक योजनाओं के बारे में जानकारी देता रहता है, ताकि प्रत्येक पात्र व्यक्ति को इन योजनाओं का लाभ मिल सके। कार्यक्रम में इस अवसर पर बैंक के सहायक प्रबंधक आशीष कुमार रहांगडाले सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। इस पहल से ग्रामीण क्षेत्र में सरकारी बीमा योजनाओं के प्रति जनजागरूकता में वृद्धि हुई है।

**विशेष गहन पुनरीक्षण हेतु बीएलओ सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण जारी**

# कलेक्टर श्रीमती पटले ने कहा कोई पात्र मतदाता छूटे नहीं, प्रत्येक घर तक पहुँचें बीएलओ

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।**

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 के अंतर्गत जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र सिवनी, बरघाट, केवलारी एवं लखनादौन में बीएलओ सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य मतदाता सूची को अद्यतन, त्रुटिरहित और पारदर्शी बनाना है।

आज दिनांक 01 नवम्बर 2025 को सिवनी विधानसभा क्रमांक 115 में आयोजित एसआईआर प्रशिक्षण के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले उपस्थित रहीं और बीएलओ को संबोधित किया।

कलेक्टर श्रीमती पटले ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण लोकतांत्रिक प्रक्रिया का अत्यंत महत्वपूर्ण चरण है, जिसके माध्यम से पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में सम्मिलित कर लोकतंत्र को और सशक्त बनाया जाता है। उन्होंने उपस्थित बीएलओ को निर्देशित किया कि वे अपने कार्य को पूरी निष्ठा, गंभीरता और पारदर्शिता के साथ संपादित करें।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक बीएलओ अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन करें, ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे और अपात्र नामों को हटाया जा सके। मृतक अथवा स्थानांतरित मतदाताओं के नामों की पहचान कर उन्हें सूची से हटाने की प्रक्रिया भी सावधानीपूर्वक की जाए। कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को समयसीमा में पूर्ण किया जाए, जिससे जिले की मतदाता सूची अधिक शुद्ध और विश्वसनीय बन सके। आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 के तहत बीएलओ द्वारा 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025 तक घर-घर जाकर गणना पत्रक भरे जाएंगे तथा संकलित पत्रक संबंधित ईआरओ को जमा किए जाएंगे।

**बीएलओ एप में डाटा मैपिंग की प्रगति कम होने पर कारण बताओ नोटिस जारी**

सिवनी/ विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत बीएलओ एप के माध्यम से किए जा रहे डाटा मैपिंग कार्य की प्रगति संतोषजनक नहीं रहने पर जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा कार्य में शिथिलता बरतने वाले बीएलओ के विरुद्ध कार्यवाही की गई है। सिवनी विधानसभा क्षेत्र के 10 प्रतिशत से कम प्रगति दर्ज कराने वाले 28 बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

## मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

छपाराः आदिवासी छपारा में कन्या परिसर में मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के मौके पर संस्कृत खेलकूद सहित कई आयोजन किए गए. इस कार्यक्रम में शिरकत करने छपारा नगर परिषद की अध्यक्ष निशा पटेल पार्षद शिवनीता जितेंद्र राजपूत पार्षद श्रीमती ठाकरिया सहित छपरा विकासखंड अधिकारी राकेश दुबे जनपद पंचायत के सीईओ रविंद्र मीणा मौजूद रहे जहां कन्या परिसर में आज मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए इस दौरान कन्या परिषद में मौजूद छात्राओं ने शानदार प्रस्तुतियां दी इसके साथ ही खेलकूद खो-खो का भी आयोजन किया गया जिसमें कन्या परिषद की छात्राओं ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया. जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित संस्था शासकीय माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर छपारा में अध्ययनरत व निवासरत छात्राओं द्वारा उत्साहपूर्वक सांस्कृतिक खेल का आयोजन किया गया।

## पूजापाठ, हवन से दुर्गुणों की बजाय सद्गुणों के द्वार खुलते हैं : पं. दिनेश मिश्रा

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।**

नगर के कबीर वार्ड डूंडासिवनी केंद्रीय विद्यालय के समीप साईं नगर दिलबाग नगर में क्षेत्र की समस्त महिला मंडल द्वारा पिछले सात दिनों से चल रही श्रीमद् भागवत कथा का शुक्रवार को हवन और भंडारे के साथ विधिवत समापन किया गया। कथा के अंतिम दिन भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी और श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से हवन में आहुति डालकर पुण्य अर्जित किया।

इस अवसर पर कथा व्यास पं. दिनेश मिश्रा के बड़े भाई रमेश मिश्रा ने महिलाओं द्वारा कराए गए श्रीमद्भागवत कथा पर सभी का आभार व्यक्त किया। लता दुबे, कांता कटरे, भावना ठाकुर, वर्षा रहांगडाले, रेशमा रहांगडाले, अंजू कटरे, मंजू रहांगडाले, संगीता पटले, गंगा सनोडिया, लाची, प्रार्थना, ललिता मिश्रा, सुनीता मिश्रा, दिलीप दुबे, कुलदीप दुबे, विजय पटले, सुरेंद्र ठाकरे, देवेंद्र रहांगडाले लोकेश कटरे सानू कटरे सुदीप दुबे, सोनू, मोनू पटले, राजू कटरे, आकाश शर्मा, निहाल मिश्रा, तनिष्क दुबे सहित अन्य कॉलोनी के निवासियों का भी आभार माना। कथा व्यास पं. दिनेश मिश्रा ने बताया कि हवन से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ-साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है। व्यक्ति में धार्मिक आस्था जागृत होती है। दुर्गुणों की बजाय सद्गुणों के द्वार खुलते हैं। उन्होंने बताया कि भागवत कथा के श्रवण से व्यक्ति भव सागर से पार हो जाता है। इसके श्रवण मात्र से व्यक्ति के पाप पुण्य में बदल जाते हैं।

## नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन के नाम पर मरीजों के आयुष्मान कार्ड का दुरुपयोग कर रूपये हड़पने का मामला

# कलेक्टर के आदेश पर सीएमएचओ ने दीप ऑप्टिकल किरनापुर में दी दबिश

## प्रशासन से नहीं ली गई थी अनुमति, विधायक के लेटर का दिया हवाला

**विधायक राजकुमार कर्राहे ने कहा मेरे द्वारा नहीं दी गई अनुमति**




हरिभूमि न्यूज लांजी।

किरनापुर के दीप ऑप्टिकल आई केयर एवं जबलपुर सुखसागर मेडिकल कॉलेज एंड हास्पिटल द्वारा गरीब मरीजों के आयुष्मान कार्ड से राशि निकाले जाने के मामले में आज कलेक्टर बालाघाट मृणाल मीना ने संज्ञान लेते हुए जिला स्वास्थ्य अधिकारी परेश उपलप को मामले की जांच के आदेश दिये थे। जिसके बाद सीएमएचओ द्वारा किरनापुर के दीप ऑप्टिकल आई केयर पहुंचकर इस संबंध में जानकारी हासिल की और दुकान संचालक को निःशुल्क ऑपरेशन कराये जाने एवं इस संबंध में प्रशासन की अनुमति का लेटर मांगा गया जिसके बाद दीप ऑप्टिकल्स आई केयर किरनापुर के संचालक द्वारा इस संबंध में गोलमोल जवाब देते हुए क्षेत्र के विधायक राजकुमार कर्राहे द्वारा अनुमति देने की बात कही गई। वहीं इस मामले में विधायक श्री कर्राहे ने कहा की हमारे द्वारा ऐसी कोई अनुमति किसी भी संस्था या दुकान संचालक को नहीं दी गई। क्षेत्र के गरीब मरीजों के साथ अगर कोई इस तरह की धोखाधड़ी करता है तो प्रशासन उस पर सख्त कार्यवाही करे जिसमें हमारा पूर्ण सहयोग उन्हें मिलेगा।

### यह है पूरा मामला

उल्लेखनीय है की किरनापुर के दीप ऑप्टिकल्स आई केयर एवं लांजी क्षेत्र के कुछ ग्रामीण चिकित्सकों द्वारा जबलपुर के सुखसागर मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल द्वारा पिछले कुछ वर्षों से लांजी किरनापुर विधानसभा क्षेत्र के गरीब मरीजों को निःशुल्क नेत्र जांच शिविर एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन के नाम पर कैंप लगाकर जबलपुर में ऑपरेशन किया जाता है और मरीजों के आधार एवं आयुष्मान कार्ड से इलाज के नाम पर राशि निकालने का कृत्य किया जा रहा था, जिसकी शिकायत नहीं होने के कारण यह कार्य पिछले कुछ वर्षों से लगातार जारी था, परंतु बीते दिनों किरनापुर तहसील के पीपलगांव निवासी मानिक अवसरे द्वारा अपने साथ हुई आप बीती के बारे में मीडिया के समक्ष बताया गया और आयुष्मान कार्ड से राशि निकाले जाने की




Jabalpur Satpura Bhoomi - 01 Nov 2025 - Page 2

गरीब मरीजों के आधार और आयुष्मान कार्ड का दुरुपयोग कर रूपये हड़पने का आरोप

नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन के नाम पर मरीजों की आंखों में धूल झोंक रहा सुखसागर मेडिकल कॉलेज जबलपुर

दीप ऑप्टिकल्स आई केयर किरनापुर की मिलीभगत से हो रहा ग्रामीणों के स्वास्थ्य से

जानकारी दी। जिसके बाद पूरा मामला प्रकाश में आया। इस मामले में ग्राम पीपल गांव निवासी मानिक लाल अवसरे ने बताया कि दीप ऑप्टिकल के संचालक दीप रामटेके और झोलाछाप डॉक्टर श्री बावनकर ने गांव में आकर निशुल्क जांच का प्रलोभन दिया और जबलपुर के सुखसागर मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में ले जाकर प्राइवेट इलाज करवाया। इस दौरान मरीजों से फिं गरप्रिंट लेकर आयुष्मान कार्ड का दुरुपयोग किया गया। पीड़ित मरीजों ने आरोप लगाया कि ऑपरेशन के बाद भी उनकी आंखों में कोई सुधार नहीं हुआ है और आयुष्मान कार्ड से राशि निकाल ली गई है। वहीं अन्य शारीरीक समस्याओं से ग्रस्त हो गए है।

### इनका कहना है

जिला मुख्यालय से सीएमचओ श्री उपलप द्वारा दीप आई केयर के संचालक द्वारा बिना अनुमति निःशुल्क मोतियाबिंद के आपरेशन कराये जान एवं मरीजों के आयुष्मान कार्ड का उपयोग किये जाने के संबंध में अवगत कराया गया। जिस पर मेरे द्वारा यहां पहुंचकर जानकारी ली जा रही है तथा एक जांच टीम गठित कर मामले की जांच कराई जाएगी। जिसमें जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके अनुसार विधिसंगत कार्यवाही की जाएगी।

**मयाराम कोल,**
**एसडीएम किरनापुर**

कलेक्टर महोदय के निर्देश पर हमारे द्वारा दीप ऑप्टिकल्स किरनापुर में दबिश दी गई है और वर्तमान वित्तीय वर्ष में जितने भी ऑपरेशन इनके द्वारा कराये गये है उन सभी की जानकारी एकत्रित कर उनके आयुष्मान कार्ड चैक कराए जाएंगे और जितने भी आयुष्मान कार्ड से ऑपरेशन के नाम पर राशि निकाली गई होगी उतनी राशि दोषियों से रिकवर की जाएगी। उक्त संस्था द्वारा निःशुल्क कैंप एवं ऑपरेशन के लिये जिला प्रशासन से किसी भी प्रकार की कोई अनुमति नहीं ली गई है।

**डॉ. परेश उपलप**
**सीएमचओ, बालाघाट**

## जीरो डोज टीकाकरण पर उन्मुक्खिकरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



30 अक्टूबर को बालाघाट जिले के वारासिवनी विकासखंड में जीरो डोज बच्चों तक टीकाकरण की पहुंच सुनिश्चित करने हेतु यूनिसेफ के सहयोग से मध्य प्रदेश वॉलंटरी हेल्थ एसोसिएशन इंदौर द्वारा टीकाकरण सेवाओं के लिए सामाजिक जवाबदेही पर पीआरआई (पंचायती राज संस्थाएं), यूएलबी (शहरी स्थानीय निकाय), स्थानीय सीबीओ (समुदाय आधारित संगठन) का उन्मुखीकरण* कार्यक्रम आयोजित किया गया , कार्यक्रम का उद्देश्य पंचायती राज संस्थाओं, शहरी स्थानीय निकायों, समुदाय आधारित संगठन को स्वास्थ्य अभियान से जोड़ते हुए टीकाकरण के प्रति जागरुकता बढ़ाना था,तथा जीरो डोज बच्चों को टीकाकरण से जोड़ने हेतु समुदाय एवं संघटन का सहयोग प्राप्त करना था , इस अवसर पर जनपद पंचायत सदस्य श्री राम गौतम द्वारा सभी से सहयोग की अपेक्षा की गई तथा ग्राम पंचायत सरपंच मदनपूर श्रीमती प्रीति झीलपे द्वारा भी लोगों को अपने सभी छोटे बच्चों का सम्पूर्ण टीकाकरण करवाने हेतु तथा सहयोग हेतु निवेदन किया गया, जिला समन्वयक अमरदीप साहु द्वारा सभी संगठन को स्वास्थ्य अभियान से जोड़ते हुए समुदाय में टीकाकरण के प्रति जागरूकता पर स्लाइड के माध्यम से जानकारियाँ दी गई जिसमें जीरो डोज की परिभाषा महत्व और लक्ष्य तथा सहयोग की जानकारी प्रेजेंटेशन के द्वारा देते हुए बताया गया, ऐसे कई बच्चे हैं जो टीके नहीं लगवा पाए हैं उन सभी को हमें टीकाकरण से जोड़ने हेतु सभी संगठनों से अपील की गई लोगों को टीकाकरण के प्रति प्रेरित करने हेतु कहा गया , उपस्थित जन समुदाय ने इस प्रयास को अधिक प्रभावशाली बताया, सभी ने सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया कि वह अपने सभी क्षेत्रों में टीकाकरण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाएंगे। कार्यक्रम के अंत में मध्य प्रदेश वॉलंटरी हेल्थ एसोसिएशन ने उम्मीद जताई कि इस सहयोग से जीरो डोज बच्चों की संख्या में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकेगी । उक्त कार्यक्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, पंचायती राज विभाग ,स्थानीय संगठन , तथा अन्य सम्मिलित हुए , वारासिवनी विकासखंड के ब्लॉक समन्वयक राम किशोर बिसेन द्वारा सभी को धन्यवाद व्यापित किया गया साथ ही इस कार्यक्रम में सहयोग की अपील की गई।

## शासकीय महाविधालय हट्टा मे आयोजित हुआ युवा उत्सव

हरिभूमि न्यूज हट्टा।



मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय हट्टा में महाविद्यालय स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम का सफल आयोजन दिनांक 16 एवं 17 अक्टूबर 2025 को किया गया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मुकेश कुमार बिसेन के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में हुआ। इस दो दिवसीय उत्सव में विद्यार्थियों ने ललित कला और सांस्कृतिक विधाओं में अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन किया।पहले दिन (16 अक्टूबर 2025) को ललित कला प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं, जिनमें विद्यार्थियों ने अपनी सृजनात्मकता और कल्पनाशक्ति का उत्कृष्ट परिचय दिया। पोस्टर प्रतियोगिता में श्रद्धा बाकटे, प्रियंका राउत और अंजली दमाहे ने श्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में खुशबू बिसेन, भारती उरकुड़े और सलोनी डोंगरे ने अपनी कला से सबका मन मोह लिया। क्ले मॉडलिंग प्रतियोगिता में निकिता माहुले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कोलाज प्रतियोगिता में अंशिका गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं प्रश्नमंच प्रतियोगिता में धनश्री सोनकुसरे, अंशिका गुप्ता और तमन्ना डोंगरे ने अपनी टीम भावना और ज्ञान के दम पर विजयी स्थान हासिल किया।दूसरे दिन (17 अक्टूबर 2025) को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने गीत-संगीत और नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। एकल गायन प्रतियोगिता में आकांक्षा बुर्रे ने अपनी मधुर आवाज से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। समूह नृत्य प्रतियोगिता में अनन्या पांचे, जयश्री कुथे, भारती मेश्राम और हिना नगपुरे की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन श्रीमती श्वेता नेमा द्वारा किया गया। महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्यों ने आयोजन में सहयोग प्रदान किया। पूरे उत्सव में छात्र-छात्राओं का उत्साह देखने लायक था। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्राचार्य श्री मुकेश कुमार बिसेन ने विजेता विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि — "ऐसे आयोजन विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को दिशा देते हैं और उनमें आत्मविश्वास का संचार करते हैं।" यह दो दिवसीय युवा उत्सव न केवल प्रतिस्पर्धा का मंच रहा, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास का भी सशक्त माध्यम सिद्ध हुआ।

## रानी मोहगांवघाट की मंडई संपन्न



**खैरलांजी।** खैरलांजी तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम रानी मोहगांवघाट में शुक्रवार 31 अक्टूबर को आयोजित मंडई संपन्न हुई। प्रतिवर्षानुसार दीपोत्सव के दस दिन के उपरांत मंडई आयोजित होती है । इस मंडई की अंचल में अपनी पहचान और अलग ही रौनक है ।मंडई में ग्रामीण अंचल की पारंपरिक संस्कृति की झलक दिखाई देती है। दुर दराज से मंडई में मेहमान व लोग उपस्थित होकर आनंदित होते है। मंडई के अवसर पर साथ ही रात्री में सांस्कृतिक कार्यक्रम के रूप में ड्रामा की शानदार प्रस्तुती हूई है।

## अज्ञात चोरों ने दरगाह में लगाई सेंध

### नगदी रकम पर किया हाथ साफ

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** कटंगी शहर में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। अब तो धार्मिक स्थल भी इनसे अछूते नहीं रहे। ऐसा ही एक मामला कटंगी थाना से ठीक बगल में स्थित गुजरी चौक की प्रसिद्ध हजरत बाबा सैयद शाह की दरगाह से सामने आया है। यहां शुक्रवार शनिवार की मध्य रात्रि अज्ञात चोरों ने दरगाह की दान पेटी का ताला तोड़कर नगदी चोरी कर ली। इस घटना से लोगों में आक्रोश है और श्रद्धालु भी हैरान हैं कि भक्ति के इस स्थान को भी चोरों ने नहीं छोड़ा।जानकारी के अनुसार,



बीती रात चोर दरगाह के मुख्य गेट का ताला तोड़कर अंदर घुसे वहां रखी दान पेटी उनके निशाने पर थीं। पेटी का ताला तोड़कर चोरों ने उसमें रखी नकदी निकाल ली, शनिवार की सुबह करीब 6 बजे जब सेवादार रोज़ाना की तरह दरगाह का द्वार खोलने पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ है। यह देखकर वे तुरंत चिंतित हो गए और उन्होंने सभी को जानकारी दी। हालांकि थाने में चोरी के संबंध में कोई शिकायत दर्ज नहीं की गई। दरअसल गत दिवस जब गुजरी की कुछ दुकानों में चोरी हुई तो पुलिस इन चोरियों पता नहीं लगा पाई। जिससे लोगों में भयंकर आक्रोश है और यही कारण है कि इस घटना के बाद भी चोरी की शिकायत थाने में नहीं की गई।

## डॉ आंबेडकर चौक का जन सहयोग से हुआ सौन्दर्यीकरण

हरिभूमि न्यूज बैहर।

स्थानीय नगर मुख्यालय स्थित डॉ आंबेडकर चौक का समाजसेवियों ने सहयोग कर सौंदर्यकरण कार्य करवाया गया, ज्ञात हो कि भारतीय संविधान निर्माता डॉ भीमराव आंबेडकर जी की प्रतिमा की स्थापना उक्त स्थान में सन 1987 में तात्कालीन क्षेत्रीय विधायक गनपतसिंह उयके के मुख्य आतिथ्य व नगरपालिका अध्यक्ष ए आर खान की अध्यक्षता में स्थापना की गई थी वर्तमान समय में इस वर्ष सभी वर्ग के समाजसेवीयो ने उक्त चौक को और भी अच्छा सुंदर बनाने के उद्देश्य से गत दिवस डॉ आंबेडकर चौक का सौंदर्यीकरण कार्य करवाया गया जिस कारण अब यह आकर्षण का केंद्र बन गया है, और जिले का सबसे अच्छा सुंदर चौक बनने के साथ दर्शनीय स्थल भी हो गया है जो कोई भी इस स्थान से गुजरता है तो वह कुछ देर खड़े होकर देखने के लिए मजबूर हो जाता है, ऐतिहासिक रूप से सुंदर बनाने में ए आर वैद्य से.नि. प्राचार्य,पी एम बेले, बी आर वाहने, मशांराम मडावी, शिवेंद्र रामटेके पार्षद , प्रसन्नजीत डोंगरे, डॉ मिलिंद चौधरी, अब्दुल खालिक कादरी, इंजी.भुवनसिंह कोर्राम, प्रो राजेंद्र गनवीर, माया अरविंद बोरकर, आर के रामटेके, गिरिवरसिह उईके, बाबू साजनदास बोरकर, एम एल साकरे,धर्मेंद्र चौकसे, जसवंतलाल वासनिक, गुणवंता नागवंशी,के डी भीमटे,जी एस गजभिए, डॉ सुदर्शन वालओंडरे, के आर सोनटके, सूरजलाल मेश्राम, मधु आग्रेकर, सुखसिहं नेताम, शिवशंकर यादव, राजा बोरकर, गणेश तुरकर, बिज्जू बघेल, शिमला मडावी पार्षद, प्रमोद बोरकर, सुरेश अहिरवार, सिद्धार्थ मेश्राम,एड सुनील बेले का विशेष योगदान रहा।




## शासकीय हाई स्कूल सुसवा में किया गया नि:शुल्क साइकिल वितरण



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

1 नवंबर को मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर शासकीय हाई स्कूल सुसवा में निशुल्क छात्र-छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया। साइकिल पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम में विधायक राजकुमार कर्राहे , जनपद पंचायत किरनापुर के अध्यक्ष कल्याण सिंह राणा, जनपद उपाध्यक्ष एवं सभापति शिक्षा समिति भुवन भाऊ राहंगडाले , ग्राम पंचायत सुसवा सरपंच प्रकाश बाहे , भालवा सरपंच श्रीमती अलकेश्वरी अमृतलाल राहंगडाले, पूर्व मंडल अध्यक्ष पवन पारधी , एवं संस्था की प्रभारी शिक्षक श्रीमती प्रीतिबाला श्रीनाग , ऋषिराज निकोसे , भूपेन्द्र पन्द्रे , व समस्त शिक्षक शिक्षिका एवं स्कूल के समस्त स्टाफ साथ ही सम्माननीय गणमान्य जनों एवं सम्माननीय अन्य जनप्रतिनिधि , पालकगण की गरिमामयी उपस्थिति में विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल का वितरण किया गया।

### जिला पंचायत सीईओ एवं एसडीएम बैहर के प्रेरक विचारों से 'पिंक लाइब्रेरी' का हुआ शुभारंभ

# मॉडल स्कूल बिरसा में आयोजित हुआ साइंस सर्किल अवार्ड समारोह

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

31 अक्टूबर को शासकीय मॉडल स्कूल बिरसा में Science Circle's SCAT-JCAT Talent Award Ceremony 2024 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक सर्राफ द्वारा माँ सरस्वती के पूजन-अर्चन से किया गया। इसके पश्चात अतिथियों का तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि एसडीएम बैहर श्री अर्पित गुप्ता तथा तहसील बिरसा के तहसीलदार श्री राजुलाल नामदेव की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम मेंसाइंस सर्किल मध्यप्रदेश के वाइस प्रेसिडेंट श्री आर.एस. बैस, साइंस सर्किल मध्यप्रदेश के सेक्रेटरी एवं सांदीपनी विद्यालय बालाघाट के प्राचार्य डॉ. युवराज राहंगडाले, तथाजॉइंट सेक्रेटरी श्री हुमराज पटले भी उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यक्रम में भाग लेकर SCAT-JCAT 2024 में प्रोत्तीर्ण विद्यार्थियों को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। साथ ही एसडीएम श्री अर्पित गुप्ता के प्रेरक विचारों से प्रेरित होकर विद्यालय में स्थापित 'पिंक लाइब्रेरी' का शुभारंभ सीईओ श्री अभिषेक सर्राफ द्वारा किया गया। इस पहल का उद्देश्य छात्राओं में अध्ययन के प्रति रुचि एवं आत्मविश्वास को बढ़ाना है। कार्यक्रम में तीनों अधिकारियों की उपस्थिति विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का विषय बनी। छात्रों ने कहा कि ऐसे सफल व्यक्तित्वों को अपने बीच देखकर उनमें भी उच्च लक्ष्य प्राप्त करने की भावना जागृत हुई।

कार्यक्रम के अंत में संस्था प्राचार्य श्री सौरभ कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को प्रेरित करने हेतु उपस्थित सभी अधिकारियों को हृदय से धन्यवाद प्रेषित किया तथा उनके मार्गदर्शन को विद्यालय परिवार के लिए गौरवपूर्ण बताया।

कार्यक्रम मेंसंस्था नोडल श्री राजेश राहंगडालेएवं शिक्षक साथी —श्री राजेश कुमार धुर्वे, श्रीमती पूजा कुशरे, श्री पुष्पेन्द्र कुमार पालके, श्री कमल सिंह मेरावी, श्री उम्मेद केलकर, श्रीमती डिलेश्वरी भगत, श्रीमती स्वाति ब्रम्हनोटे, श्री सुरेश बघेल, श्री आशीष तिल्लासी, श्री संतोष बिसेन, एवं श्री फगनूसिंह सैय्यामसहितसमस्त विद्यालय परिवारने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा कार्यक्रम को सफल बनाया।




## समय पर उपस्थित नहीं पाये जाने पर 04 डाक्टर्स को कारण बताओ नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देश पर सिविल सर्जन डॉ निलय जैन ने जिला चिकित्सालय के चार डाक्टर्स को नियत समय पर अस्पताल में उपस्थित नहीं पाये जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है और उन्हें 24 घंटे के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने कहा है।

सिविल सर्जन डॉ निलय जैन द्वारा 31 अक्टूबर को जिला चिकित्सालय का प्रातः 10.30 बजे राउंड लेने पर पाया गया कि डॉ नितेन्द्र रावतकर, डॉ अंकित राणा, डॉ डेनिला उईके एवं डॉ गीता बोकड़े ओपीडी में उपस्थित नहीं थे और उनके कक्ष के बाहर मरीजों की कतार लगी थी। इन डाक्टर्स का यह आचरण कदाचरण की श्रेणी में होने के कारण उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर उन्हें 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने कहा गया है। इसी प्रकार डॉ अनुप तिलगाम द्वारा सर्जरी के दो मरीजों की फिट/अनफिट की रिपोर्ट नहीं दी जा रही है और कहा जा रहा है कि रिपोर्ट डा अंकित राणा और डॉ गीता बोकड़े देंगे। डॉ गीता बोकड़े द्वारा कहा जा रहा है कि फिट/अनफिट की रिपोर्ट डॉ अंकित राणा और डॉ तिलगाम देंगें। फिट/अनफिट की रिपोर्ट नहीं मिलने के कारण दोनों मरीजों की सर्जरी में विलंब हो रहा है। इस पर डॉ अनुप तिलगाम एवं डॉ गीता बोकड़े को कारण बताओ नोटिस जारी कर 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने कहा गया है।